खेल विभाग ऊधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड

(मा0 मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना)

मा0 मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य के 14 से 23 वर्ष तक के चयनित खिलाड़ियों को प्रति जनपद 100–100 बालक–बालिकाओं को रू0 2000 प्रतिमाह एवं उपरकण क्रय करने हेतु रू0 10000 दिये जाने के सम्बन्ध में दिनांक 25–07–2024 को अपर जिलाधिकारी (नजूल/प्रशासन) महोदय, ऊधमसिंह नगर की अध्यक्षता में ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम बैठक सभागार, कलैक्ट्रेट, रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर में आहूत बैठक की प्रस्तावित कार्ययोजना–

आयु वर्ग 14 से 23 वर्ष–

1– खेलों मे प्रतिस्पर्धा बढाने, जनमानस का खेलो के प्रति रूझान बढाने, खेल सस्कृति की अभिवृद्धि करने, खेल कौशल विकसित किया जाना, उनकी खेल उपलब्धियों को बढ़ाने, खिलाड़ियो की प्रतिभागिता मे वृद्धि करने, प्रदेश मे अनुकूल खेल वातावरण सृजन करने, प्रदेश की खेल प्रतिस्पर्धाओ मे प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना एवं भविष्य के लिए खिलाड़ी तैयार करना।

- 14 वर्ष से 23 वर्ष तक की आयु के बालक–बालिका।
- 14 से 17 वर्ष के 25–25 खिलाड़ी, 17 से 19 वर्ष के 25–25 खिलाड़ियों, 19 से 21 वर्ष के 25–25 खिलाड़ी, 21 से 23 वर्ष के 25–25 खिलाड़ी अर्थात् प्रतिवर्ष कुल 200 खिलाड़ी। (कुल 04 वर्गो मे)
- उत्तराखण्ड के स्थायी निवासी।
- जन्म प्रमाण पत्र अथवा स्कूली अभिलेखों में दर्ज आयु मान्य होगी, किन्तु जन्मतिथि में अन्तर की स्थिति में जन्म प्रमाण पत्र की आयु को ही अन्तिम माना जायेगा।

1. जनपद स्तर हेतु–

- सभी जनपदों में उनके विकास खण्ड, नगर निगम एवं नगर पालिकाओं से प्रत्येक आयुवर्ग में निम्न प्रकार चयनित बालक एवं बालिकाएं प्रतिभाग करेंगे:–
- प्रत्येक विकास खण्ड से – 04 (02 बालक एवं 02 बालिका प्रति आयुवर्ग प्रतिखेल)
- प्रत्येक नगर निगम से – 04 (02 बालक एवं 02 बालिका प्रति आयु वर्ग प्रति खेल)
- प्रत्येक नगर पालिका परिषद से – 02 (01 बालक एवं 01 बालिका प्रति आयुवर्ग प्रति खेल)

2. विकास खण्ड/नगर निगम/नगर पालिका स्तर पर शारीरिक दक्षता परीक्षा –

- शारीरिक दक्षता (Strenght, Endurance, Speed, Coordination etc.) के परीक्षण हेतु **Physical and Sports Aplitude Test** के अन्तर्गत निम्नानुसार 05 टेस्ट आयोजित किये जायेंगे।
- 30 मी0 फ्लाईगं स्टॉर्ट, वर्टिकल जम्प, मेडिसिन बॉल पट, 6 × 10 मी0 शटल रन, 800 मी दौड़, (कुल 05 बैटरी टैस्ट) लिये जायेंगे।

- एथलेटिक्स, बाक्सिंग, जुडो, कराटे, बैडमिंटन, ताईक्वांडो, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी, टेबल टेनिस, कबड्डी, खेलो में खेल/स्पर्धा विशिष्ट कौशल परीक्षण का आयोजन किया जायेगा। (कुल 12 खेल)
- छात्रवृत्ति प्रत्येक खिलाड़ी को डी0बी0टी0 के माध्यम से प्रदान किया जायेगा।
- उक्त हेतु संबंधित खिलाड़ी को बैंक विवरण आदि उपलब्ध कराना होगा।
- प्रतिमाह रू0 2000/– छात्रवृत्ति स्वरूप धनराशि एवं खेल उपकरण हेतु प्रतिवर्ष धनराशि रु0 10,000 प्रति खिलाडी कि दर से जनपद में 200 खिलाडियों (100 बालक एवं 100 बालिकाओं) को प्रदान की जायेगी।
- विभागीय खेल अवस्थापना सुविधाओं, स्टेडियमों में निःशुल्क प्रवेश/प्रशिक्षण की सुविधा।
- जिला स्तर की चयन समिति द्वारा, प्रत्येक आयु वर्ग में 25 छात्र एवं 25 छात्राओं, को मैरिट के आधार पर अंक प्राप्त करने वालों की अन्तिम सूची जारी की जायेगी, जो खेल छात्रवृत्ति के लिए पात्र होंगे।
- जिला स्तरीय चयन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जायेगी।
- प्रत्येक स्तर पर सम्मिलित होने वाले बालक बालिकाओं का रिकॉर्ड समिति/उप समितियों द्वारा रखा जायेगा, जो अंत में जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय में संरक्षित रहेगा।
- किसी भी आपत्ति हेतु आवेदक को ईवेन्ट खत्म होने के 01 घण्टे के अन्तर्गत सम्बन्धित स्तर की चयन समिति के समक्ष वैध कारणों का उल्लेख करते हुए लिखित आवेदन प्रस्तुत करना होगा, जिसका सम्बन्धित स्तर की समिति द्वारा सकारण लिखित में आदेश निर्गत करते हुए 01 घण्टे के अन्तर्गत आपत्ति को निस्तारित करना आवश्यक होगा।
- विकास खण्ड/नगर निगम/नगर पालिका स्तर पर 14–23 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के चयन ट्रायल्स दिनांक 05 से 08 अगस्त, 2024 तक एवं जनपद स्तर पर चयनित खिलाड़ियों के चयन ट्रायल्स दिनांक 12 से 15 अगस्त, 2024 तक आयोजित किये जायेंगे।
- फार्म भरे जाने से पूर्व ऑनलाईन आवेदन करना अनिवार्य होगा। जिस हेतु मोबाईल एप **App-UKSRS -Sports Uttarakhand** के माध्यम से या लागिन आईडी– **http://play.google.com/store/apps/details?id=com.app/uksrs&pli =1** पर आवेदन कर सकते है।

———x———x———x———x———x———